# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026-27
# इतिहास
# कक्षा-11

समय : 3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांक : 100

**निर्देश**-प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

**नोट—**

(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड 'ख' में 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न, खण्ड 'ग' में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न, खण्ड 'घ' में 3 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं।

## खण्ड (क) बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों में दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका पर अंकित कीजिये–

1. मेसोपोटामिया में पुरातत्वीय खोजों की शुरुआत किस दशक से हुई थी–

(a) 1820 के दशक से  (c) 1850 के दशक से

(b) 1830 के दशक से  (d) 1840 के दशक से

2. संसार में चाँदी के सिक्के चलाने वाला राजा कौन था–

(a) हेम्मुराबी (c) डेरियस
(b) सेनाक्रीब (d) असुरबनिपाल

3. ऑगस्टस का अन्य नाम क्या था ?

(a) जूलियस सीजर (c) ओक्टेवियन
(b) ब्रूट्स (d) एलन

4. पैपाइरस पत्र का प्रयोग किस रूप में किया जाता था–

(a) ईंधन के रूप में (c) औषधि के रूप में
(b) कागज़ के रूप में (d) कलम के रूप में

5. मंगोलिया गणराज्य कब बना–

(a) सन् 1921 में (c) सन् 1923 में
(b) सन् 1922 में (d) सन् 1924 में

6. चंगेजखान के उत्तराधिकारी ओगोदेई ने अपनी राजधानी कहाँ स्थापित की–

(a) तुर्फान (c) बल्ख
(b) कराकोरम (d) हेरात

7. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ग सर्वाधिक शक्तिशाली था–

(a) ईसाई पादरी (c) अभिजात वर्ग
(b) सर्फ (d) स्वतन्त्र किसान

8. निम्न में से कौन पादरी बनने योग्य था–

(a) स्त्री (b) व्यापारी

(c) शारीरिक रूप से बाधित व्यक्ति (d) कृषि दास

9. टॉमस मूर ने कौन-सी पुस्तक लिखी–

(a) यूटोपिया (c) हम्लेट
(b) मोनार्किया (d) दि प्रिंस

10. 'ओरेशान आनदि डिगनरी ऑफ मैन' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था–

(a) 1476 ई. में (c) 1485 ई. में
(b) 1480 ई. में (d) 1486 ई. में

# खण्ड (ख) अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11. 'जिगुरत' का सम्बन्ध किस सभ्यता से था ? 2

12. सेण्ट ऑगस्टाइन कौन था ? 2

13. बार्बर शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई ? 2

14. सामंतवाद की परिभाषा दीजिये। 2

15. इटली के किन्हीं दो चित्रकारों के नाम लिखिये। 2

# खण्ड (ग) लघु उत्तरीय प्रश्न

16. मेसोपोटामिया में साक्षरता दर कम क्यों थी ? 5

17. सीनेट नामक संस्था के विषय आप क्या जानते हैं ? 5

18. मंगोलों की पराजय के दो प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिये। 5

19. मध्यकालीन मठों का क्या कार्य था ? 5

20. यूरोप में अभिजात वर्ग की क्या दशा थी ? 5

UPBoardHub

21. धर्म सुधार आन्दोलन के कारण लिखिये। 5

## खण्ड (घ) विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

22. मेसोपोटामिया की सभ्यता का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिये– $5 + 5 = 10$

(i) सामाजिक जीवन

(ii) आर्थिक जीवन

**अथवा**

भाषा, कला, दर्शन, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में रोम की क्या देन है ? 10

23. रोमन साम्राज्य के पतन के प्रमुख कारण क्या थे ? 10

**अथवा**

तैMyp के आक्रमण का वर्णन करते हुये उसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिये। $4 + 6 = 10$

24. मध्य युग में सामंतवाद के विकास और पतन का विवरण दीजिये। इसके गुण एवं दोष क्या थे ? $5 + 5 = 10$

**अथवा**

पुनर्जागरण के प्रभाव बताइये। पुनर्जागरण के फलस्वरूप मानव जीवन में क्या परिवर्तन हुए। $3 + 7 = 10$

## खण्ड (ङ) ऐतिहासिक तिथियों एवं मानचित्र सम्बन्धित

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिये– $10 \times 1 = 10$

(i) 776 ई. (iii) 320 ईसवीं (v) 1300 ई.

(ii) 2370 ई. (iv) 1497 ई. (vi) 1947 ई.

(vii) 1673 ई. (ix) 1850 ई.

(viii) 27 ईसवीं (x) 1788 ई.

26. मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न– $5 \times 2 = 10$

भारत के मानचित्र में निम्न को उचित चिन्हों द्वारा दर्शाइये–

(i) वह स्थान जहाँ उत्तरप्रदेष की विधानसभा स्थित है। $\boxed{\times}$ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(ii) वह स्थान जहाँ कोणार्क का मन्दिर स्थित है। $\triangle$ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iii) वह स्थान जहाँ कुतुबमीनार स्थित है।

---

$\triangle$ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iv) जयपुर अथवा हैदराबाद नगर • चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(v) वह स्थान जहाँ ताजमहल स्थित है। □ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**